तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए
30.07.2024	अभिभाषक उभयपक्ष उपस्थित। प्रार्थना–पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाकर प्रार्थी की खातेदारी भूमि वाके रोही ग्राम बरसिंहसर स्थित खेत खसरा नंबर 1154/2 तादादी 0.52 हैक्टर एवं खसरा नंबर 1156 तादादी 4.20 हैक्टर कुल तादादी 4.72 हैक्टर में पहुंच हेतु 20 फुट चोड़ा रास्ता खसरा नंबर 1148 की पूर्वी सींव में से स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त भूमि का उपयोग सार्वजनिक होगा। तहसीलदार (राजस्व), बीकानेर उक्त रास्ते को नियमानुसार राजस्व रिकार्ड में रास्ते के रूप में अंकन करें तथा उक्त रास्ते के बदले में प्रार्थीनी नियमानुसार डीएलसी की दो गुना राशि खातेदार अप्रार्थीगण का अदा करावें। निर्णय की प्रति पालनार्थ तहसीलदार (राजस्व), बीकानेर को प्रेषित की जावे। विस्तृत निर्णय पृथक से लिखवाया जाकर शामिल पत्रावली किया गया। निर्णय आज दिनांक 30/7/24 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तरतीब तकमील दाखिल दफ्तर हो। उपखण्ड अधिकारी बीकानेर	